Sanskrit poetics discuss the theory of meaning in many ways. Poetic language differs from common language. Though the literature focus upon the worldly life to reveal the feelings, the language is so different. Thus, the relation between the word and meaning is also different in poetic world. Anandavardhana and Mahimabhatta, the two legends in Indian poetics, discusses the theory of meaning in poetic language, but varied in many ways. In this paper I try to reveal the ideas of these two scholars with a comparison.

---

34. Shrimad-Bhagavad-Gita: A Text of Multiple Positions

Dr. Rajasi Chakrabarti

Dr. Sarvepally Radhakrishnan Post-Doctoral Fellow, Dept. of Comparative Indian Language and Literature, University of Calcutta, Kolkata

The text *Shrimad-Bhagavad-Gita* has been translated, re-told, explained and interpreted in different languages for centuries. *Shrimad-Bhagavad-Gita* has attracted the attention of several ancient and medieval teachers who wrote commentaries and glosses on it in Sanskrit. Translation of the *Gita* into Indian vernaculars and foreign languages is also not a recent phenomenon. Poet Jnaneshwar is the first one who explained the *Gita* in Marathi. In the Mughal period, the *Gita* was translated for the first time into a foreign language, Persian by Emperor Akbar's minister Abul Fazal and his brother Faizi. Indologists of the 18th century set a new trend in the *Gita* literature with Charles Wilkins' translation into English in 1784.

In order to study the translations, commentaries and interpretations – generally considered as target texts – a focus on the source text is a prerequisite; to analyse and appreciate the translations, it is important to know how the source text is being received by the translators. It must be kept in mind that each and every chapter of the text *Shrimad-Bhagavad-Gita* ends with a note where the text is referred as Upanishad, Brahmavidya as well as Yogashastra. There is a continuous debate regarding the classification of the *Gita*. Some scholars refer to the text as one of the Prasthana-Traya, whereas the others regard it as an integral part of the Mahabharata.

This paper wants to focus on the multiple positions the text *Shrimad-Bhagavad-Gita* occupies and the impact of this on its various translations.

35. An Introduction to Balavimshathi stotra

Jayakrishnan K.
M Phil Scholar, Dept. of Sanskrit, Calicut University, Kerala

Stotrakavya have a unique place in Sanskrit literature. This branch/genre has been important since pre-historic times. Even most of the Veda mantras are considered to be stotras. Lalitasahasranama which is taken from Brahmanandapurana and Vishnusahasranama which is taken from Mahabharata are significant among Stotrakavyas. There are many more famous stotrakavyas Like Ravanakrta Sivastuti, Sambhapanchasika etc., there are many more such as, 'Gangalahari' of Jagannatha Panditha, Suryasataka of Mayurakavi etc. Not only this, the contributions of Kerala Poets to this genre also play an exceptionally astute role for instance, 'Mukundamala' of Kulasekhara, Sreekrishnakarnamrutam' of Leelasuka, 'Narayaneeya' of Melpattur Narayanabhatta and 'Soundaryalahari' of Sreesankara always as found us with its beauty.

36. पण्डित छज्जूराम शास्त्री का काव्यशास्त्रीय योगदान

डॉ. अरुणा शर्मा
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (से.नि.), संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

काव्यपदार्थ का शासन करने वाला विचार-पुञ्ज ही काव्यशास्त्र कहलाता है। काव्यरूप लक्ष्य के नियामक नाना तत्त्वों (काव्यांगों) की सलक्षणोदाहरण विवेचना जिस शास्त्र में प्रतिपादित हो, वह काव्यशास्त्र संज्ञा से व्यपदिष्ट होता है। काव्यतत्त्वसम्बन्धी यह मार्मिक आलोचनापद्धति नाट्यशास्त्रप्रवर्तक भरत मुनि से लेकर आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त आदि विद्वानों के चिन्तन से परिष्कृत होती हुई पण्डितराज जगन्नाथ तक आकर विश्रान्त हो गई। इस परम्परा को पुनर्जीवित करते हुए अर्वाचीन युग में भी काव्यशास्त्रीय तत्त्वों का चिन्तन विद्वन्मनीषा का स्पर्श पाकर नए-नए यामों में रूपायित होता हुआ अभिनव काव्यशास्त्र के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। वर्तमानकालिक काव्यशास्त्रियों में रेवाप्रसाद द्विवेदी, रसिकविहारी जोशी, राधावल्लभ त्रिपाठी, अभिराज राजेन्द्र मिश्र आदि आचार्यों का नाम सुप्रितिष्ठित है। इसी शृंखला में हरियाणा प्रदेश में जन्में पं. छज्जूराम शास्त्री का नाम भी अन्यतम है। इन्होंने साहित्यबिन्दु नामक काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ की रचना की। 19 वीं शताब्दी के अन्त में पण्डित मोक्षराम शर्मा और मामकी देवी के पुत्र के रूप में पं. छज्जूराम शास्त्री का जन्म कुरुक्षेत्रमण्डल के अन्तर्गत शेखपुरा-लावला नामक ग्राम में हुआ था। इनका साहित्यबिन्दुनामक

ग्रन्थ 5 अध्यायों में विभक्त है, जिसमें लगभग 110 कारिकाओं में छात्रोपयोगी काव्यशास्त्रीय विषयों का ग्रथन किया गया है। इस ग्रन्थ का शरीर कारिका, वृत्ति, उदाहरण और उदाहरणविवरणरूप में विद्यमान है। इसमें उदाहरण रूप में 80 प्रतिशत पद्य कवि द्वारा स्वयंरचित हैं। कवि ने शिक्षाप्रद मर्यादित पद्यों को उद्धरण रूप में प्रस्तुत किया है। कवि का मत है कि प्राचीन ग्रन्थों में प्रदत्त शृंगारबहुल उद्धरण कोमलमति बालकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। लेखक ने पद-पद पर काव्यप्रकाश, रसगंगाधर प्रभृति ग्रन्थो की समीक्षा करते हुए इनके मत का सम्यक आलोडन करके प्रतिभाप्रदर्शनपूर्वक शास्त्रीय विषयों का सारपूर्ण सरल भाषा में निबन्धन किया है। इस ग्रन्थ के आधार पर छज्जूराम शास्त्री के काव्यशास्त्रीय योगदान को उद्घाटित करना ही प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य है।

---

37. 'अभिषेक नाटक में रस योजना'

अभिषेक कुमार अरुणाभ

शोधार्थी, संस्कृत, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, सारण

'अभिषेक' नाटक के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि उसमें प्रारम्भ से अन्त तक राम की, हनुमान् की वीरता, निर्भीकता और प्रकर्षता का वर्णन है। राम का प्रताप, अध्यवसाय, पराक्रम, उत्साह और धैर्य आदि के संयोग से वीर रस अभिव्यक्त हुआ है। आद्यन्त प्रवहमान होने से नाटक का प्रधान रस वीर है। इसके अतिरिक्त करूण, भानक और अद्भुत का यथावसर रूचिर परिपाक हुआ है। राम रावण युद्ध में वीर रस का-– रुचिर परिपाक हुआ है

"सव्येन चापमवलम्व्य करेण वीर –
मन्येन सायकवरं परिवर्तयन्तम्।
भूमौ स्थितं रथगतं रिपुमीक्षमाणं
क्रौञ्चं यथा गिरिवरं युधि कार्तिकेयम्॥"

अर्थात् बायें हाथ से धनुष पकड़कर अन्य हाथ से बाण चढ़ाते हुए रथस्थ शत्रु को देख रहे भूमि पर (दक्षिण) राम को दे) खड़े वीरखेंजो युद्ध में क्रौञ्च पर्वत को देख रहे कार्तिकेय के समान है। (

"स्थाना क्रामणवामनीकृततनुः किञ्चित् समाश्वास्यवै
तीव्र बाणमवेक्ष्य रक्तनयनो मध्याह्नसूर्यप्रभः
व्यक्तं मातलिनास्वयं नरपतिर्दत्तास्पदो वीर्यवान्
क्रुद्धः संहितवान् वरास्त्रममितं पैतामहं पार्थिवः॥"

रघुवरभुजवेगविप्रयुक्तं ज्वलनदिवाकरयुक्ततीक्ष्णधारम्।"
रजनिचरवरं निहत्य सङ्स्ये पुनरभिगच्छति राममेव शीघ्रम्।"

38. 'संस्कृतनाट्यपरम्परा में भास और अनंगहर्षः एक विवेचन'

अमृता कुमारी,

शोधार्थी, संस्कृत, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, सारण

संस्कृत भाषा और उसका साहित्य सर्वाधिक वैज्ञानिक समृद्ध और परिष्कृत है। अन्य साहित्यिक विधाओं की अपेक्षा संस्कत नाट्य विद्या की सुसमृद्ध परम्परा ई०पू० से प्रवर्तित होकर अद्यतन अक्षुण्ण है। 'काव्येषु नाटकं रम्यम्', 'नाटकान्तं कविलम्' इत्यादि उक्तिया स इसकी उत्कृष्टता सिद्ध होती है। 'नट' में नायक नायक के रूप आदि का आरोप होने से इसे रूपक भी कहते हैं। संस्कृत के काव्यशास्त्रियों ने काव्य को भागों में विभक्त किया है - 1. दृश्य, 2. श्रव्य।

"दृश्यश्रव्यत्वभेदेन पुनः काव्यं द्विधा मतम्।
छृश्यं तत्राभिनेयं तद्रूपारोपात्तु रूपकम्॥"

संस्कृत साहित्य में नाटकों का प्रणयन बहुत प्राचीन काल से होता रहा है। ऋग्वेद अनेक संवादात्मक सूक्तों में नाटकीय तत्त्व उपलब्ध होते हैं। पुरुरवा-उर्वशी संवाद (ऋ० 10/95), यम-यमी संवाद (ऋ० 10/10), विश्वामित्र-नदी संवाद (ऋ० 3/33) आदि सूक्तों में नाट्यकला का यथेष्ट रूप देखा जा सकता है। विद्वानों ने भारतीय नाटक का बीज वेदकालीन नृत्य में ही माना है। नाटक के प्रमुख दो तत्त्वों-संवाद एवं अभिनय की स्थिति पाश्चात्य विद्वानों ने भी वैदिक साहित्य में स्वीकार की है। नाट्यवेद के निर्माण के लिए ब्रह्मा ने चारों वेद से चार तत्त्व को लेकर किया था। जैसा कि उल्लेख है –

"जग्राह पाठयमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च
यजुर्वेदादिभिनयान् रसानाथर्वणादपि"

नाट्योपत्ति के सम्बन्ध में पाश्चात्य विद्वानों ने विविध वादों का उल्लेख किया है। जिनमें मृत्मात्म श्राद्धवाद (प्रो० रिजवी), पर्ववाद, रासलीलावाद, स्वांगवाद, (प्रो० हिलव्राण्ड और स्टेन कोनो) पुत्तलिका-नृत्यवाद (डॉ० पिगेन), छायानात्मकवाद (प्रो० ल्यूडर्स और स्टेन कोनो), यूनानि प्रभाववाद (प्रो० वेबर और प्रो० विण्डस)।

उपर्युक्त मतों की समीक्षा करके भारतीय विद्वानों ने नाट्यशास्त्र में उल्लिखित ऋग्वेदादि से गृहीत पाठ्वादि से नाटकों का आविर्भाव सिद्ध किया है।

रामायण और महाभारत में भी नाटक के कतिपय उपकरणों का उल्लेख है। रामायण के अनेक प्रसंगों में "शैलूष", 'नट' एवं 'नर्तक' का उल्लेख किया गया है। वाल्मीकि ने कहा कि जिस जनपद में राजा नहीं रहता वहाँ नट एवं नर्तक सुखी नहीं रहते - "नाराज के जनपदे प्रहृष्टनटनर्तकाः"

39. Abhijnana Sakuntalam

Chitra Kumar, Chennai

The commands of the Vedas are likened to those of a master प्रभु Samhita. The teachings of the Puranas andltihasas on the other hand are compared to the advice and counsel of friends सुहृत् Samhita. There are many stories and episodes exemplifying some of the outstanding ethical and moral qualities that have characterised the heroes and heroines of ancient India and their ideals. The story of Sakuntala is found in Sri Vyasa's own words in the Adi Parvan chapters of the Mahabharata whose intent was to emphasise the prime duty of speaking the truth and keeping promises solemnly made. The "Asariri" voice emphasises the truth that speaks to us through the voice of conscience.

Kalidasa's famous play is based on this plain undecorated tale. And thison the other hand is of romance, nature and poetry. He was a man deeply learned in literature, philosophy and fondof nature & its beauty. He is indeed a genius who transforms through his vivid imagination base metal into gold. The bare unromantic tale gets transformed to a passionate emotional love story. The poet transforms by adding and reshaping to sublime poetic essence.

---

40. सम्बन्ध प्रिय भवभूति

प्रो. अर्चना दुबे

भवभूति मानव-मन के पारखी व एक मनोवैज्ञानिक कवि होने के साथ-साथ एक सामाजिक सम्बन्धों के कवि भी हैं। उनका व्यक्तित्व अनूठा है जीवन में प्रत्येक पक्षों का अनुभव किया। अपने नाटकों में भी स्थान दिया।

डॉ. व्यास के शब्दों में – भवभूति का व्यक्तित्व संस्कृत-साहित्य में जीवन की मधुरता और कटुता, अन्तः प्रकृति और बाह्य प्रकृति के कोमल और विकट दोनों रूपों के ग्रहण करने की क्षमता रखता है। भवभूति वे विभूति हैं, जिन्होंने एक साथ चन्द्रकला की शीतलता सरसता और विष की विषाक्तता, दोनों को जीवन के उल्लासमय और वेदनाव्यथित दोनों तरह के पहलुओं को सहर्ष अङ्गीकार किया है। भवभूति के व्यक्तित्व व पारिवारिक स्थिति की स्पष्टतया छाप उनकी कृति में दृग्गोचर हैं, भवभूति ने मानव को सामाजिक सम्बन्धों में बड़ी कुशलता व सूक्ष्मता से पिरो कर उनका एक-दूसरे के व्यवहार व सम्बन्धों को सम्यक्तया निरूपण किया है।

भवभूति प्रणय के लिए प्रणय के पक्षपाती नहीं हैं। उनका प्रणय भले ही उन्मुक्त वातावरण में आरम्भ हुआ हो – अन्ततः दाम्पत्य सूत्र के बन्धन में परिवर्तित हो जाता है और उसकी चरम परिणति होती है सन्तान सुख। सन्तान को भवभूति पति-पत्नी के आन्तरिक प्रेम का एक सूत्र मानते हैं, उस प्रेम को बाँधने की वह एक आनन्द रूप ग्रन्थि है|

अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्।
आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति पठ्यते॥

---

41. मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में स्त्री-स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति एक अध्ययन

पुष्पा कुमारी
शोधार्थी, संस्कृत विभाग जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

जीवन और साहित्य परस्पर सम्बद्ध हैं। साहित्य और जीवन का वही सम्बन्ध है जो शरीर और आत्मा का है। हम साहित्य को जीवन से और जीवन को साहित्य से पृथक नहीं कर सकते। साहित्य में जीवन की अभिव्यक्ति और उसकी यथार्थता दोनों रहती हैं। जीवन को अभिव्यक्ति करने का माध्यम कहानी, उपन्यास, निबन्ध, एकांकी कुछ भी हो सकता है। साहित्यिक विधाओं में उपन्यास जीवन के सर्वाधिक निकटस्थ रूप में लोकप्रिय गद्यविधा है। हिन्दी उपन्यासकारों ने जीवन की समस्याओं का बड़ा ही सजीव और सार्थक चित्रण किया है। नारी जीवन को केन्द्रित कर अनेक उपन्यासों की रचनायें हुई है। आज की नारी घर की चाहारदीवारी में कैद रहकर जीना नहीं चाहती है अपितु जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय भाग लेना चाहती है। हिन्दी उपन्यास-लेखिका मैत्रेयी पुष्पा ने अपनी प्रतिभा और साहित्य साधना के बल पर हिन्दी-उपन्यास जगत् में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर लिया है।

"आज के समय में गँवई औरतों द्वारा सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक दायरों में जो मुखर हिस्सेदारी सामने आती है, वह महत्त्वपूर्ण है | स्त्रियाँ अपने तेवरों, निजी फैसलों और हस्तक्षेप के मामलों में अब जबरदस्त रूप से दिखाई देने लगी है। लगता है कि वह मान्यता थोथी-खोखली है जिसके तहत ग्रामीण स्त्री को अनपढ़, असभ्य और "चेतना शून्य मानकर गौरतलब नहीं समझा गया।"

"चाक" उपन्यास में मैत्रेयी पुष्पा ने रेशम, रुकमणी, रामदेई, नारायणी, चन्दना के दास्तानों के वर्णन में यह दर्शाया है किये बेबस औरते सीता मईया की तरह "भूमि-प्रवेश" कर अपने शील-सतीत्व की खातिर कुरबान हो गई। ये ही नहीं, और न जाने कितनी ...... ।"

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट स्पष्ट होती है कि वैदिक युग में भारतीय नारियाँ विदुपी होती थी तथा समाज में उनकी प्रतिष्ठा थी। किन्तु वैदिक युग के बाद नारी हीनावस्था को प्राप्त हो गई। स्त्री को शूद्र की श्रेणी

में गणना हाने लगी। उनको अध्ययन से वंचित कर दिया गया। पराधीनता की वेणी में जकड़ दिया गया। पराधीनता की वेणी में जकड़ दिया गया। उन्हें सकल-कपट और अवगुण की खान बता`या गया है।

किन्तु आज भारतीय नारी जाग उठी और अपने स्वतंत्रता और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी भागदारी दर्ज कराने के लिए आन्दोलन कर रही है। उनका सशक्ती और आरक्षण आवश्यक है। तभी हमारी देश उन्नति कर सकता है।

---

42. अभिनव मेघदूत में अलंकार एक विवेचन :'

रमाकांत पाण्डेय

शोधार्थी, संस्कृत जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, सारण

मेघः दूतः यस्मिन् काव्ये तत् ‘मेघदूतम्', अभिनवं, नूतनम्आधुनिकं वा तत् 'अभिनवमेघदूतम्'। ढु गतौ त + दूतो जवतेर्वा - दूतः (दुतनिभ्यां दीर्घश्च) दूतः -, द्रुवतेर्वा, वारयतेर्वा इति निर्वचनमाह यास्कमुनिः। तथा चात्र निगमो भवति -‘दूतो देवानामसिमानाम्। इत्यादिकः।

'अभिनव मेघदूतम्' वसन्त त्र्यम्बक शेवडे द्वारा प्रणीत सुललित सरस प्रसादगुणमय वैदर्भी रीति गुम्फित अलंकारमण्डित और दोषरहित एक उत्कृष्ट लघुकाव्य है। सामान्यतः कवि का कर्म काव्य कहा जाता है। जैसा कि कहा गया है –

"कवयति इति कविः, तस्य कर्म काव्यम्'।

आभूषणों के द्वारा जैसे रूपवती रमणी का रूपसौन्दर्य द्विगुणित हो जाता है-, उसी प्रकार अलंकारों के द्वारा कविता कामिनी का सौन्दर्य अपेक्षाकृत अधिक आकर्षक और परिशोधित हो जाता है। सामान्य रमणी के रूप छटा भी आभूषणों से बढ़ जाती है, उसी प्रकार निम्न काव्य में भी अलंकारों का समुचित निवेश उसकी शोभा को कई गुणा बढ़ा देता है। वस्तुतः अलंकारविहीन कविता रूपी वनिता शोभा सुन्दर नहीं प्रतीत होती है " **-न कान्तम्अपि निर्भूषं विभाति वनिताननम्।**अतः काव्य में अलंकार की " उपादेयता किसी भी प्रकार से उपेक्षणीय नहीं है, फिर भी उतना अवश्य माना जाता है कि अलंकारों के अनावश्यक प्रयोग से कविताभारयुक्त होकर काव्य शोभा से रहित हो जाती है। काव्य के प्रवाह में स्वतः यथास्थान प्रयुकत अलंकार ही उसकी शोभा में वृद्धि कर सकते है। अलंकारहीन सरस्वती विधवा की तरह हो जाती है। जैसा कि कहा गया है अलंकाररहित काव्य की कल्पा वैसे ही हास्यापद हो जाती है "अलंकाररहिता विधवैव सरस्वती।" - जैसे उष्णता से रहित आग। जैसे चन्द्रालोककार का कथन है –

"अङ्गीकरोति यः काव्यं शब्दार्थावनलङ्कृती।
असौ न मन्यते कस्मात् अनुष्णमनलंकृती॥"

हेतु का वाक्यार्थ रूप में या पदार्थ रूप में कथन करना काव्यलिङ्ग अलंकार कहलाता है।

43. "किरातार्जुनीयम्' में निरूपितकाव्य"सौन्दर्य पांडित्य-

शशि कुमारी

शोधार्थी, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

महाकवि भारवि संस्कृत साहित्य के देदीप्यमान रत्नों में अन्यतम है। उनका "किरातार्जुनीयम' 'बृहत्त्रयी' का प्रथम रत्न है। 'भारवि भाषा, भाव, काव्यसौदर्य, रसपरिपाक-, वर्णन वैचित्र्य, अलंकार प्रयोग, विविध छन्दोयोजना और शास्त्रीय पाण्डित्य के सुन्दर निदर्शन मा है। उनकी भाषा में प्रौढता ओज प्रवाह-और शक्तिमत्ता है। उनका शब्दसंचय भावानुकूल- भावानुसार कहीं प्रसाद है, कहीं माधुर्य और कहीं ओजा भाषा में सैथिल्य का नितान्त प्रभाव है। मनोभाव, उदात्त कल्पनाओं और गम्भीर विचारों का एक रत्नाकर ही है। शृंगार और वीर रस उसके अतिप्रिय रस है। उनके भेद और उपभेदों तक का सुललित भाषा में प्रयोग है। पन्द्रहवों सर्ग में चित्रालंकार की बहुरंगी छठा इन्द्रधनुष की कान्ति को भी निष्प्रभ कर देती है|

भाषा सौष्ठव

भारवि की भाषा में लालित्य, माधुर्य और प्रौढ़ता का सुन्दर समन्वय है। प्रसंग और भाव के अनुकूल शब्दावली का सर्वत्र प्रयोग है। कहीं कहीं व्याकरण के कठिन रूपों-का भी अतिदक्षता के साथ प्रयोग किया गया है। तपस्या के लिए जाते समय द्रौपदी से विदाई लेते हुए अर्जुन का कितना सुन्दर वर्णन है| शिव और अर्जन के रात में एक ही श्लोक में एक ही शब्दावली वाणों का युगपत् पतन अत्यन्त सुन्दर भाषा में वर्णित है।

---

44. कालिदास के रूपको में नायिकाओं की प्रणयाभिव्यक्ति

टलको मिश्र

संस्कृत–विभाग, कला–संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

ताराओं से युक्त आकाश में जो स्थान कौमुदी का है; संस्कृतरूपकों में वही स्थान नायिकाओं का है, जिसके आस–पास रूपक की सम्पूर्ण कथावस्तु भ्रमण करती है। कालिदास के रूपकों में जो नायिकाओं का स्वरूप दिखाई देता है, वे अपने सौन्दर्य, वाक्यपटुता, सहृदयता आदि गुणो से नायकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। इस श्रृँखला में प्रथम स्थान आता है शकुन्तला का, वह आश्रम के नियमानुसार अपना जीवन यापन करती है। संयोगवश एक दिन आश्रम में राजा दुष्यन्त का आगमन होता है और प्रथम दृष्टि में ही शकुन्तला के मन में दृष्यन्त के प्रति प्रेमाङ्कुरण होने लगता है, जिसे शकुन्तला स्वयं कहती है–किं नु खल्विमं तपोवनविरोधिनो विकारस्य गमनीयमास्मि संवृत्ता। शकुन्तला के इस वाक्य से यह सिद्ध होता है, कि शकुन्तला के मन में दुष्यन्त के प्रति अनुराग का उद्भव प्रथम दर्शन में ही हो गया था। यह और पुष्ट उस समय होता है; जब अनसूया दुष्यन्त से पूछती है–कतम आर्येण राजर्षिवशोऽलक्रियते ? आप के द्वारा कौन सा राजर्षि वंशा अलंकृत किया गया है। इस प्रश्न का उत्तर सुनने के लिये शकुन्तला अत्यन्त उत्कण्ठित हो जाती है, उसका हृदय व्याकुल होने लगता है यह जानने के लिये कि यह राजर्षि कौन है। आश्रम में

आये अतिथि के विषय में जानने की इच्छा का होना स्वभाविक है। प्रत्येक व्यक्ति अपने अतिथि का परिचय जानना चाहता है किन्तु यहाँ दुष्यन्त का परिचय पाने के लिये शकुन्तला अत्यन्त व्याकुल थी, ऐसी व्याकुलता प्रियंवदा और अनसूया मे नहीं दिखाई देती है। शकुन्तला अपनी उत्सुकता को प्रकट करते हुये स्वयं कहती भी है–हृदय मोत्तम्य एषा त्वया चिन्तितान्यनसूया मन्त्रयते। इस वाक्य से सिद्ध होता है कि शकुन्तला का दुष्यन्त के प्रति अनुराग का उद्भव प्रथम दर्शन मे ही हो चुका था। आश्रम मे विश्राम करते हुये दुष्यन्त, अनसूया तथा प्रियंवदा के बीच वार्तालाप होता है, उस समय दुष्यन्त प्रियंवदा से पूछता है, क्या यह शकुन्तला कामदेव को रोकने वाले ब्रह्मचर्य व्रत को (किसी पुरुष को विवाह में)दिये जाने तक ही सेवन करेंगी ? अथवा समान नेत्रों के कारण हरिणियों के साथ ही जीवन व्यतीत करेंगी? प्रियंवदा–गुरोः पुनरस्या अनुरुपवरप्रदाने संकल्पः। पिता काश्यप का इसकों योग्य वर को देने का विचार है। शकुन्तला यह वाक्य सुनते ही क्रोध के साथ प्रस्थान करने लगती है। प्रियवंदा कहती है– तुम दो वृक्षो के सीचने की मेरी ऋणी हो। आओ अपने आप को ऋण से मुक्त करके जाओं। उस समय दुष्यन्त शकुन्तला को थकी हुई जानकर अपनी अँगूठी देकर शकुन्तला को प्रियंवदा से मुक्त कर देता है। अँगूठी प्राप्त कर प्रियंवदा कहती है– शकुन्तले तुम इस दयालु महाराज द्वारा छुड़ा दी गई हो। अब जाओं। शकुन्तला (आत्मगतम्) यद्यात्मनः प्रभविष्यामि (प्रकाशम्) का त्वं विस्त्रष्टव्यस्य रोद्धव्यस्य वा ? (मने मे) यदि अपने वश मे होऊँगी तब तो जाऊँगी (प्रकट रूप में) तुम मुझे छोड़ने या रोकने वाली कौन होती?यहाँ शकुन्ला के इस वाक्य से स्पष्ट संकेत मिलता है, कि शकुन्तला दुष्यन्त पर पूर्णरूप से आसक्त हो चुकी थी। क्योंकि वह स्वयं कहती है वह अपने वश में नहीं।

उपर्युक्त शकुन्तला का व्यवहार दुष्यन्त के प्रति प्रणय को अभिव्यक्त करता है।

---

45. आश्चर्यचूडामणि नाटक में चित्रित नारी की दशा–दिशा

डॉ. रघुनाथ प्रसाद
संस्कृत. जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

काव्यशास्त्रीय विवेचन के आलोक में काव्य के दो भेद हुआ करते है। (1) श्रव्य काव्य (2) दृश्य काव्य।

''दृश्य श्रव्यत्व भेदेन काव्यं स्यात् द्विदीधामतम्'' (साहित्य दर्पण)

अर्थात् जो पढ़कर या सुनकर हमें अवबोधित करें वह श्रब्य काव्य होता है तथा अभियन रूप छटा प्रदर्शन के माध्यम से जो प्रमाताओं (दर्शकों) का मनः आह्लादन करे उसे दृश्य काव्य कहते हैं। यद्यपि रूपक के दस भेद बताये गये है लेकिन नाटक उनमें प्रधान है। मेरे द्वारा वर्ण्य आश्चर्यचूड़ामणि नाटक की श्रेणी में आता है तथा आचार्य शक्तिभद्र द्वारा चित्रित तात्कालीन नारियों का चित्रण मेरा वर्ण्य विषय होगा जिसे मैं शोध प्रविधि से चित्रित करने की चेष्टा करूँगा।

आश्चर्यचूड़ामणि में चित्रित नारियों की दशा–दिशा के संबंध में रामायणकालीन सीता प्रभृति नारियों का चित्रण समायोचित होगा। रामायण में वर्णित नारियों की श्रृंखला में साकेताधिपति दशरथ की कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा से प्रारंभ कर राक्षस राज रावण की बहन शूर्पणखा का चित्रण किया गया है वहीं सीता श्रुतिकीर्ति उर्मिला और माण्डवी का भी वर्णन प्राथम्यण पाया जाता है। सीता हरण के बाद हनुमान द्वारा लंका परिभ्रमण के मध्य ''संगनारि बहु किये बनावा'' का वर्णन

मिलता है। जो लंकापति रावण की धर्मपत्नी मंदोदरी बहुत सी स्त्रियों (जो श्रृंगार करके सुसज्जित थी) के साथ अशोकवाटिका में जाती हुई चित्रित हैं, जो रामायणकालीन नारियों की श्रृंखला में आती है। रामायण में और भी बहुत सी नारियों का चित्रण समायोजित है जिनका चित्रण विस्तारभय के कारण अनपेक्षित प्रतीत होता है। यद्यपि मेरा वर्ण्य विषय आश्चर्यचूडामणि में नारियों की दशा–दिशा है जिसे प्राथमिकता के आधार पर चित्रित किया जा रहा है।

आश्चर्यचूडामणि नाटक के दूसरे पात्र शूर्पणखा मायाविणी छलप्रपंचयुक्ता राक्षासी जन्य स्वभावों से ग्रसित सहायक अभिनेत्री है जो किसी भी सुन्दर व्यक्ति को देखकर प्रणययुक्ता हो जाती है। लक्ष्मण द्वारा अपमानित किये जाने पर नारी होकर भी सीता रूपी नारी के अपहरण का शड्यंत्र करती है। उसके अन्दर नारीजन्य दुर्बलता विद्यमान है। नाटक की दूसरी नायिका मन्दोदरी जो रावण की राजमहिषी है, वह पतिपरायण होकर भी सीता के लंका में प्रवेश से साक्षांकित है। पति रावण के समस्त आदेशों का पालन करती हुई राम में अनन्य भक्ति रखती है। रावण जब सीता से मिलने अशोक वाटिका जाता है तो वह उसके साथ अन्य परिचायिकाओं को लेकर जाती है। रावण से सीता को लौटाने हेतु बार–बार रावण से निवेदन करती है।

इस तरह हम देखते है कि आश्चर्यचूडामणि कालीन नारियों की स्थिति रामायणकालीन नारियों की तुलना में श्लाधनीय नहीं है। रामायण की नारी आत्मसंयमिणी, शलाज्ञा, लोकवन्द्या सर्वगुण सम्पन्ना है। जबकि आश्चर्यचूडामणि की नारी अपने कर्तव्यों से विमुख संशयी और कर्तव्यपथ से विचलित है।

---

46. चित्रबन्धों की उत्तमकाव्यता (श्रीहनुमच्चरित्रवाटिका के सन्दर्भ में)

डॉ. जयप्रकाश नारायण,

सह- आचार्य, संस्कृत विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली

काव्यशास्त्र में ध्वनि के आधार पर काव्य के तीन भेद आचार्यों ने माना है- उत्तम काव्य(ध्वनिकाव्य), मध्यमकाव्य(गुणीभूतव्यङ्ग्यकाव्य), अधमकाव्य(चित्रकाव्य)। अधमकाव्य को अवर काव्य भी कहा जाता है। इतना ही नहीं उन्हें अवर काव्य में सम्मिलित करने के उपरांत भी आचार्यों ने उनकी समीक्षा के समय उन्हें नीरस, क्लिष्ट, गूढ़(अनावश्यक अंगवर्धन) तथा औपचारिक कहकर उनको अवर काव्य से भी बहिष्कृत कर दिया। कुछ आचार्य चित्रबन्धों को अलङ्कार मानते हैं। किन्तु कुछ(जैसे- भामह, उद्भट्, वामन आदि) तो उन्हें अलङ्कार क्षेत्र से भी बहिष्कृत कर रहे हैं और सम्भवत: इसीलिए बन्धों के निर्माण में प्राचीन कवियों की भी प्रवृत्ति नहीं के बराबर हुई है, वर्तमान कवियों की तो बात ही क्या? अन्य भाषाओं में उनकी और भी उपेक्षा हुई है।

इसप्रकार चतुर्दिक उपेक्षित चित्रबन्धों में केवल काव्यत्व ही नहीं, उत्तमकाव्यत्व भी संभव हो सकता है, इसका प्रतिपादन करना श्रीहनुमच्चरित्रवाटिका का अद्भुत नवोन्मेष है।

मान्याचार्य(आनंदवर्धन, मम्मट, विश्वनाथ आदि) विशेष अर्थ वाली व्यञ्जना को उत्तम काव्य कहते हैं। व्यञ्जना अर्थात् विशेष अर्थ को प्रकट करना। यही शब्दार्थ तथा रूढार्थ भी है। इसी अर्थ के अनुसार चित्रों द्वारा भी व्यञ्जनाएं (विशेष अर्थ की अभिव्यक्ति) की जा सकती है तथा वे उपयोगी एवं वैचित्र्य युक्त भी हो सकती है। उदाहरणार्थ- पेट्रोल की टंकी पर तथा बिजली के खम्बों पर मनुष्य की खोपड़ी तथा दो हड्डियों के चित्र होते हैं। उसका तात्पर्य यहाँ मृत्यु की संभावना है, सावधान। क्या यह चित्र द्वारा व्यञ्जना नहीं है? इसप्रकार सड़कों के मोड़, चौराहे, रेलवे क्रासिंग इत्यादि की सूचना चित्रों द्वारा ही दी जाती है। अर्थात् चित्रों द्वारा भी उपयोगी व्यञ्जनाएं हो सकती है। कविताओं में भी इसप्रकार की व्यञ्जनाओं की उपयोगिता संभव है। श्रीहनुमच्चरित्रवाटिका में 18 चित्रबन्ध बने हैं। बन्धों का इतना प्राचुर्य अन्यत्र किसी भी ग्रन्थ में देखने को नहीं मिलता है। श्रीहनुमच्चरित्रवाटिका में बारह(12) कुञ्ज है, तथा प्रत्येक कुञ्ज में ग्यारह-ग्यारह सर्ग हैं। इसप्रकार इसमें कुल 132 सर्ग हैं।

प्रस्तुत शोधपत्र में उदाहरण सहित चित्रबन्धों की उत्तमकाव्यता को दर्शाया जायेगा।

---

47. स्तोत्रकाव्येषु सौन्दर्यतत्वम्

ड.श्वेतपद्मा शतपथी

सहाचार्या, राष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्, तिरुपतिः.

“सत्यं शिवं सुन्दर“मिति भारतीयज्ञानकोषस्य मूलतत्तम् । तत् तत्वमाधारीकृत्य सौन्दर्यशास्त्रस्योत्पत्तिःजाता । सौन्दर्यम् काव्येषु नाटकेषु च सर्वत्र सन्निहितम् । अलंकारशास्त्रस्यापरं नाम सौन्दर्यमशास्त्रम् । आङ्लोभाषया ‘Rhetoric or Aesthetic’ शब्देन तदभिधीयते । अलंकाराणां प्राधान्ये काव्यं भवति सततं रम्यम् । तत्तु सौन्दर्यमित्युच्यते । अलंकारा: वा सौन्दर्यम् काव्यस्याङ्गभूतम् कदाचित् अङ्गिभूतं च । स्तोत्रसाहित्येऽपि तत् परिस्फुटति ।

यत्र ग्रन्थे देवतां काञ्चिदुदिश्य नतिर्निबध्यते तत्स्तोत्रम् । संस्कृतसाहित्ये स्तोत्रकाव्यानि वहुनि सन्ति । वैदिककाल–पुराण–ऐतिहासिकसम्बन्धीनि स्तोत्रकाव्यानि दृश्यन्ते । शैव–वैष्णव–जैन–बौद्धग्रन्थादिषु एतत् तत्वं प्राप्यते । शैवसम्बन्धीयस्तोत्रकाव्यानि यथा– आदिशङ्कराचार्येण लिखितं सौन्दर्यलहरी, पुष्पदत्तेन शैवागमशास्त्रम्, कुलशेखरेण मुकुन्दमाला प्रभृतीनि काव्यानि विरचितानि । स्तोत्रसाहित्ये वैष्णवस्तोत्राणां नातिलघीयसी । यथा– यामुनाचार्यस्य स्तोत्रम्, लीलां शुकस्य कृष्णकर्णामृतम्, वेङ्कटाध्वरिणा लक्ष्मीस्तवः, मधुसूदनस्य आनन्दमन्दाकिनी, भट्टस्य दानलीलाप्रभृतयः स्तोत्रग्रन्था अत्र प्रसङ्गे मुख्याः । शैवस्तोत्राणि पृथगेव कमपि चमत्कारविशेषं रक्षन्तो विस्मर्तुं न शक्यते । शैवस्तोत्रेषु महिम्नस्तोत्रादनन्तरं काश्मीरकाणां शैवानां स्तोत्रग्रन्था आयान्ति । तेषु

शिवस्तोत्रावली स्तुतिकुसुमाञ्जलि चेति द्वौ ग्रन्थौ प्रसिद्धौ । उत्पलदेवस्य शिवस्तोत्रावली, जगद्धरस्य स्तुतिकुसुमाञ्जलिः दृश्यते ।

जैनबौद्धान्तर्गतस्तोत्रकाव्यानि यथा- मातनुङ्गाचार्यस्य भक्तामरस्तोत्रम्, सिद्धसेनस्य कल्याणमन्दिरस्तोत्रम्, अतितरां प्रसिद्धे । वादिराजस्य एकीभावस्तोत्रम्, जम्बुगुरोः जिनशतकम्, सोमप्रभाचार्यस्य सूक्तिमुक्तावली, हेमचन्द्रस्य अन्ययोगव्यवच्छेदिका इत्यादया ग्रन्था विश्वविदिताः । बौद्धग्रन्थेषु महायानसम्प्रदाये वहवः स्तोत्रग्रन्थाः समुपलभ्यन्ते । महायानसम्प्रदायस्य भिक्षवः संस्कृतभाषायां प्रशस्तानि स्तोत्राणि रचितवन्तः । एवंरुपेण वैष्णव-शैव-जैन-बौद्धस्तोत्रकाव्यानि वहूनि सन्ति । देवतानां,प्राकृतिकवर्णनाप्रसङ्गे च कवयः स्वकृतीषु सौन्दर्यं तत्वं प्रकटयन्ति । यथा सौन्दर्यलहर्याम् शिवशक्त्योः वर्णने संसारसृष्टितत्वप्रसङ्गे सौन्दर्यं वर्णितम् ।

---

48. Vyasa's Shakuntala and Kalidasa's Shakuntala : A Comparative Study

Jnanashree Devi

Research Scholar, Department of Sanakrit, Assam University, Silchar

Shakuntala is a famous character of Sanskrit literature. Firstly, she was portraited by Vedavyasa in the Mahabharata. After that Kalidasa composed the Abhijnanashakuntalam drama based on the Shakuntala akhayana of the Mahabharata. Shakuntala's early life is the same at both places. Biswamitra is her biological father and nymph Menaka is her mother. In both places the love story of Shakuntala and Dushyanta, and the birth of their son Bharata is the main subject. But Kalidasa combines many new events and characters in his drama for the dramatic constituency. And also, Kalidasa portrayed the character of Shakuntala as completely different from Shakuntala of Vyasa. Vyasa's Shakuntala appears as a warrior-woman with full of personality. Who also raised her voice for her right. But Kalidasa made his Shakuntala as a voiceless woman who is totally opposite of Vyasa's Shakuntala. But the thing to note is that Kalidasa's Shakuntala was more famous than Vyasa's Shakuntala. -

Through Vyasa's Shakuntala we see the sparkle of women empowerment. And through Kalidasa's Shakuntala we see the immense stamina of women. So through this discussion we want to represent a comparative study between Vyasa's Shakuntala and Kalidasa's Shakuntala. And we are going to highlight differences between two characters.

49.An Analysis of Specific *Alaṅkāra-s* from *Śrīkāvyakaṇṭhacarita Mahākāvya*

Mr. Roshan Khandu Bhagat,
PhD Student, Sanskrit & Lexicography Department, Deccan College, Pune.

Śrīkāvyakaṇṭhacaritam is a *mahākāvya* composed in the 21st century by Prof. Madhusudan Narasimhasharma Penna. Prof. Penna is a native of Andhra Pradesh and is currently working as a dean in Kavikulagurukalidasa Sanskrit University in Nagpur. He has received various awards such as 'Sanskrit Pandita', 'Yuvā Vipaścit' and so on for his contribution to Sanskrit language and for his creative works. Out of his 49 works, 39 works are published and 10 are yet to be published. *Śrīkāvyakaṇṭhacaritam* is the one among his published works.

The topic of *Śrīkāvyakaṇṭhacaritam* is a biography of a senior ascetic personality, Kāvyakaṇṭha Gaṇapatimuni. Beginning with his birth, all the events of his life such as his education, initiation, work area, liberation etc. have been portrayed by the poet. This complete pedagogical characterization is composed in about 1000 verses in 21 cantos.

Śrīkāvyakaṇṭhacaritam is one of the best modern Sanskrit *mahākāvya* to study aesthetics and poetics. This *mahākāvya* is filled with many beautiful *alaṅkāra-s* according to Indian aesthetics and poetics. This research paper deals with selected verses having *alaṅkāra-s* from this *mahākāvya*, i.e. a great poem to *Śrīkāvyakaṇṭhacaritam.* This study will help to understand the usage of *alaṅkāra-s* by Prof. Penna. Also, there is a scope to understand *alaṅkāra-s* through the modern Sanskrit literature.

---

50. The Kingship of Kālidāsa Plays

Omjith. P. P
Dept. Of Sanskrit Sahitya, Govt.Sanskrit College, Ernakulam, Kerala

Kālidāsa was a Classical Sanskrit writer, widely regarded as the greatest poet and dramatist in the Sanskrit language of India. His plays and poetry are primarily based on the Vedas, the Rāmāyana, the Mahābharata and the Purānās. His dramas Mālavikāgnimitram, Vikramorvaśīyam, and Abhijñānaśākuntalam display a glimpse of the Indian Culture, Political Tradition, and Social Customs in its essence, originality and entirety. If it is rightly claimed the Drama is the reflection of human life and its characters are the representatives of human society. The role of a King in Sanskrit Drama plays an important role. King is the part and portion of Gods. He has divine power to rule. He is the midpoint of the whole political as

well as judicial system. Therefore, he would have been an ideal to his subjects so that every one could follow his character in order to achieve success in his life. His character is the mirror of the society what he does; people will accept it in their day to day life. In this paper highlight the King's role and position as well as the political condition of the state, and their personal feelings, love and characters as reflected in the three Dramas of Kālidāsa, *Mālavikāgnimitram*, *Vikramorvaśīyam*, and *Abhijñānaśākuntalam*.

51. रसः तथा katharsis.. तौलनिकं विवेचनम् -

सौ. प्रिया पेंढारकर

संस्कृत विभागप्रमुख, हिस्लॉप महाविद्यालय, नागपूर

साहित्यम् इति सर्वव्याप्तम् I 'नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्' इति वदन् कालिदासः भवतु अथवा ' वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' इति प्रतिपादयन् विश्वनाथः वा भवतु, सर्वत्र मनोरञ्जनम् अथवा सहृदयस्य आनन्दः इति मूलतत्त्वम् I किं तद् तत्त्वम् इत्यस्मिन् विषये संस्कृतसहित्ये बहुविधं चिन्तनं साहित्यशास्त्रकारैः कृतं विद्यते I भरतमुनिना प्रणीतं नाट्यशास्त्रम् इति संस्कृतसाहित्यस्य आद्यग्रन्थः I ततः बीजं प्राप्य साहित्यशास्त्रकारैः काव्यस्य आत्मतत्त्वं निश्चेतुं स्वचिन्तनं मण्डितम् I श्रव्यकाव्यं भवतु वा दृश्यकाव्यम् , उभयत्र इदम् आह्लादकारि तत्त्वं सहृदयानां हृदयानि व्याप्य विराजते I संस्कृतसाहित्यस्य इदं विचारमथनं भारतीयभाषाणां साहित्यस्य आधारभूतम् I श्रव्यकाव्यानि तथा दृश्यकाव्यानि वा चरमसीमां प्रापुः तदा तस्य नियमाः अथवा तस्य स्वरूपं शास्त्ररूपेण चर्चितम् I एवं नाट्यशास्त्रे नाट्यसंबद्धानां तत्त्वानां विवेचनं विद्यते I पाश्चात्त्यसाहित्ये अपि ईदृशं चिन्तनं वर्तते वा अथवा नाट्यशास्त्रस्य तत्त्वैः सह तत्र समानत्वं वर्तते वा इति जिज्ञासया अयं विषयः अत्र शोधपत्ररूपेण प्रस्तूयते I अत्र केवलं दृश्यकाव्यस्य विषये चिन्तनं क्रियते I दृश्यकाव्यं भवतु वा श्रव्यकाव्यं , रसः उभयत्रापि महत्त्वपूर्णः घटकः I भरतमुनिना बहुसूक्ष्मरीत्या रसनिष्पत्तिः प्रतिपादिता पाश्चात्त्यसहित्ये अपि katharsis इति संकल्पना रससिद्धान्तेन तुल्यत्वं बिभर्ति I तदनु पाश्चात्त्यदृश्यकाव्येषु रसेन सह katharsis इत्यस्याः सङ्कल्पनायाः तौलनिकं विवेचनम् अस्मिन् शोधपत्रे क्रियते I

52. रससिद्धान्त में रससंख्या एवं चतुष्टयवाद की अवधारणा

Dr. Rampratap Mishra

Asst. Prof. & Head, Dept. of Sanskrit, D.C.S.K.P.G. College Mau

जिस प्रकार पाश्चात्य काव्य शास्त्रीय चिन्तन की केन्द्रिय संकल्पना 'सौन्दर्य' और सुदूर पूर्व जापान की 'यूगेन' तथा चीन की मुख्य अवधारणा 'ध्वनि बोधक' है, उसी प्रकार भारतीय

काव्य''ाास्त्रीय चिन्तन का अपना विशिष्ट अन्वेषण 'रस' है। जगच्चित्र के निर्माता परम पिता परमे''वर स्वयं आनन्द–रसमय हैं। श्रुतिप्रमाण से यह सिद्ध है–

यद्वै तत्सुकृतं रसो वै सः। रस ह्येवायं लब्ध्वानन्दीभवति।

रस शब्द की व्युत्पत्ति पर यदि हम विचार करें तो वहाँ रस धातु आस्वाद एवं स्नेह अर्थ में पढ़ी गयी है– (रसादिभ्योऽच्) रस आस्वादस्नेहयोः।

रससिद्धान्त पर कार्य करने वाले 'नाट्यशास्त्र' प्रणेता आदि आचार्य भरतमुनि रस को रस–संज्ञा से अभिहित उसकी आस्वाद्यता के कारण ही करते हैं–

रस इति कः पदार्थः? अत्रोच्यते। आस्वाद्यत्वात्।

'नाट्यशास्त्र' के टीकाकार आचार्य अभिनवगुप्त ने आस्वादन को इस प्रकार परिभाषित किया है– आस्वादनं हि रसनेन्द्रियजज्ञानं प्रसिद्धमिति भावः। भोज्यपदार्थों के आस्वाद एवं रसास्वाद में अन्तर ग्राहक इन्द्रिय का है, यहाँ भोजनास्वाद रसनेन्द्रिय का व्यापार है तथा काव्यास्वाद मानस–व्यापार है– न रसनव्यापार आस्वादनम्। अपि तु मानस एव।

रससिद्धान्त में रसचतुष्टयवाद से तात्पर्य रसों की संख्या में चार रसों को ही मूल रस और अन्य रसों को उनके ही अंश के रूप में प्रतिपादित करने से है। यद्यपि रसों की संख्या के निर्धारण में आचार्यों की अपनी–अपनी दृष्टि है।

इस सन्दर्भ में यदि हम बात करें तो दीर्घकाल तक रस संख्या में आठ ही रहे, क्योंकि रससिद्धान्त का मूल ग्रन्थ 'नाट्य''ाास्त्र' मूलतः आठ ही रसों की स्थापना करता है।

---

53. कालिदाससाहित्य में आकाशतत्त्व वर्णन

आराधना मिश्रा (साहित्य)
संस्कृत–विभाग, कला–संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

दार्शनिक ग्रन्थों में प्रतिपादित सर्वव्यापक आकाश को संस्कृतसाहित्य के कवियों ने अपनी कविता का विषय बनाते हुए उसे अनेक रूपों में प्रस्तुत किया है। जिसमें कवि''ारोमणि कालिदास का आकाशवर्णन`द्रष्टव्य है–

कुमारसम्भवम् महाकाव्य के शष्ठ सर्ग में शिव का विवाह प्रस्ताव लेकर सप्तर्षिगण आकाशमार्ग से हिमालय के घर पहुँचते हैं, उस समय क्रमानुसार ऋषि–समुदाय आकश से नीचे उतरते हुए दिखाई देते हैं। इस अवसर पर आका''ा का वर्णन कालिदास इस प्रकार करते हैं–

गगनादवतीर्णा सा यथावृद्धपुरः सरा।
तोयान्तैर्भास्करालीव रेजे मुनिपरम्परा।।

बड़े–छोटे के क्रम से उतरती हुई वह ऋषि परम्परा ऐसी प्रतीत हो रही थी मानो बहते हुए जल के बीच सूर्य के प्रतिबिम्बों की पंक्तिया हों।

आकाश जल के समान नीला होता है और सप्तर्षियों का शरीर सूर्य के समान प्रकाशयुक्त है। जैसाकि श्रीमद्भागवत में उल्लेख प्राप्त होता है– मत्स्यावतार में भगवान् विष्णु

सत्यव्रत से कहते हैं कि जब प्रलयकाल में सूर्यादि किसी का भी प्रकाश न रहने पर सप्तर्षियों के तेज से ही आलोकित होकर निश्चितरूप से विचरण करोगे। श्रीमद्भागवत के इस उद्धरण से यह सिद्ध होता है कि सप्तर्षियों के शरीर की कान्ति सूर्य के समान प्रकाशयुक्त थी, जो प्रलयकालीन अन्धकार को भी आलोकित कर सकती थी। ऐसे प्रकाशयुक्त सप्तर्षि नीले आकाशरूपी जल से नीचे उतरते हैं तो प्रतीत होता है मानो जल में प्रतिबिम्बित सूर्य की पंक्ति हो। ऋषियों का सूर्य के समान शोभित होने का कारण था कि प्रवाहमान जल में प्रतिबिम्बित सूर्य के समान ऋषिगण उतर रहे थे। चूँकि सप्तर्षियों में सर्वश्रेष्ठ माने गये हैं वसिष्ठ। तत्पश्चात् कश्यपादि ऋषियों का क्रम आता है। लोक में देखते हैं कि जब जलधारा में सूर्य का प्रकाश प्रतिबिम्बित होता है तो सर्वप्रथम सूर्य की बृहद् आकृति दिखाई देती है। तत्पश्चात् सूर्य क्रमशः छोटा होता जाता है। ऐसी सुन्दर छटा आकाश से उतरते हुए सप्तर्षियों की थी। अतः सप्तर्षियों को धारा प्रवाह जल में प्रतिबिम्बित सूर्य के समान कहना समीचीन है।

यहाँ आकाश के लिये गगन शब्द का प्रयोग किया गया है। शब्दकल्पद्रुम के अनुसार गगन शब्द की व्युत्पत्ति है– ''**गच्छन्त्यस्मिन् देवादय इति गगनम्**'' अर्थात् देवादि जिसमें गमन करते हैं अतः यह गगन है। ऋषिगण भी देव तुल्य माने गए हैं और वे ऋषिगण आकाश में गमन करते हुए नीचे उतर रहे हैं। चूँकि आकाश में गमन की प्रक्रिया हो रही है। अतः गमन का ही अर्थ रखने वाले गगन शब्द का प्रयोग किया गया है, न कि आका''ा के किसी अन्य पर्याय का। प्रसंगानुसार प्रस्तुत स्थल में जिस अर्थ को गगन शब्द द्योतित कर रहा है, उस अर्थ को आकाश का काई दूसरा पर्याय प्रस्तुत नहीं कर सकता था। अतः कवि ने आकाश के लिए गगन शब्द का प्रयोग किया है।

---

54. रसार्णवसुधाकरे रसचर्चा

डॉ० एम० किषन्

सहायकाचार्याः, संस्कृतविभागः, दिल्ली वि.वि., दिल्ली

राजा सिंगभूपालः विरचितमिदं 'रसार्णवसुधाकरं' नाम काव्यालंकारशास्त्रग्रन्थे रसविशिष्टता महत्त्वचर्चा एवमस्ति । सिंगभूपालः राचकोंडाराज्यवास्तव्यः, राचकोंडाराज्यराजा आसीत् । अधुना 'राचकोंडा' तेलंगानाराज्ये नलगोंडाजिलान्तर्गते अस्ति । सिंगभूपालराजा तेलंगानीयः एव । तस्य कालः १३ शताब्दीयः इति ज्ञायते । कोलाचलमल्लिनाथसूरिरपि तस्य समकालिकः । रसार्णवसुधाकरे रसविषयचर्चा रसव्युत्पत्तिः रसलक्षणमपि द्रष्टुं शक्यते । भरतमुनिकृत नाट्यशास्त्ररसलक्षणानुसारं रसलक्षणमाह । रसार्णवसुधाकरे रसलक्षणम्-

रसोत्कर्षो हि नाट्यस्य प्राणास्तत् स निरूप्यते ।
विभावैरनुभावैश्च सात्त्विकैर्व्यभिचारिभिः ॥
आनीयमानः स्वादुत्वं स्थायी भावो रसः स्मृतः ।

तत्र ज्ञेयो विभावस्तु रसज्ञापनकारणम् ll
बुधैर्ज्ञेयोऽयमालम्ब उद्दीपन इति द्विधा l
आधारविषयत्वाभ्यां नायको नायिकापि च ll रा.सु., 1.58-60

इत्यादि रसलक्षणाश्लोकानि दृश्यन्ते l सिंगभूपाल: रसनिरूपणविषये भरतमुने: नाट्यशास्त्रोक्तदिशा ''विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगात्रसनिष्पत्ति:'' इति सूत्रानुसारं सात्त्विकभावसहितं रसनिरूपणम् कृतवन्त: सिंगभूपाल: l

---

55. A View on Mūkapañcāśati By Mūka Kavi

Salil Gohad

Unfortunately there are so many works that are still unknown to not only common man ; but also to Saṇskrit scholors. Mūkapañcāśati is one of the such texts. The poet of the above kāvya was dumb. He used to come everyday to pray ; But due to his dumbness , his prayer meant only motion of his lips for others. That's why people would make fun of him. On such a day due to his strong divotion ,the Goddess was rejoiced. She gave him his voice for next 12 hours i.e. from 6:00 PM to 6:00 AM. Hearing that , his joy knew no bound. Immediately he called some villagers to note down the ślokās which were he was going to construct . He constructed nearly 500 ślokās. That ślokās were noted down by the people at that time. He has written 512 ślokās on Goddess Śrikmakṣi. They are divided in 5 Śatakās i.e. 5 Adhyāyās.

The kāvya is very beautifully narrated using different Alankārās such as Anuprās, Śleṣa and so on. Also, there are some philosophical references in it. The literary Genre is also very rich. At present the kavya is sung in the Kāmākṣhi Temple and in some Southern part of India.

56.''प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र की गजलों का भाषा एवं भावसौन्दर्य : एक समीक्षा''

डॉ. डॉली जैन
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

गजल अरबी साहित्य की प्रसिद्ध काव्य विधा है, जो आधुनिक समय में संस्कृत काव्य जगत् में अपनी समर्थ उपस्थिति बना रही है। संस्कृत में बीसवीं शताब्दी के अनेक विद्वानों यथा भट्ट मथुरानाथ शास्त्री, पं. बच्चूलाल अवस्थी ''ज्ञान'', डॉ. जगन्नाथ पाठक, प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र, डॉ. इच्छाराम द्विवेदी, डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी आदि ने गजल को संस्कृत में भी एक काव्य विधा के रूप में प्रतिष्ठित करने का स्तुत्य प्रयास किया है। प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने अनेक गजल संग्रहों की रचना की है। यथा वाग्वधूटी, श्रुतिम्भरा, मधुपर्णी, मृद्वीका एवं मत्तवारणी, हविर्धानी,

शालभञ्जिका, शिखरिणी, औदुम्बरी इत्यादि। आपने गजल को ''गलज्जलिका'' नाम से सम्बोधित किया है। वाग्वधूटी नामक अपनी कृति में 'गलज्जलिका' का अर्थ करते हुए कवि ने लिखा है कि–

'उर्दू भाषायां यदेव गीतं 'गजल' पदेन व्यवह्रियते तदेव मया संस्कृत भाषायां गलज्जलिकेति समुच्यते। अस्मिन् गीते प्रायेण मर्मस्पृशो भावा नवनवोत्प्रेक्षणार्थच्छलादिसंवलिता मध्यस्थीक्रियन्ते। काऽपि प्रियजनप्रवञ्चनोत्था पीडा निसर्गजयोगमेक्षविनाशिनी नियतिनटीलीलैव वाऽस्मिन् गीते लक्ष्यं भवति यच्छावं श्रावं पाठं पाठं साधारणीकरणक्लेन सहृदया निरर्गलाश्रुपूरितनयनाः सन्दृश्यन्ते।

अतएव 'गलन्ति जलानि नयनाश्रूणि यस्यां सा गलज्जलिकेति, मयाऽभिनवं समुत्प्रेक्षयते। ज्ञात्वा विपश्चितः प्रमाणमिति दिक्।

प्रो. मिश्र ने अपने काव्यशास्त्र 'अभिराजयशोभूषणम्' में भी 'गलज्जलिका' को स्पष्ट करते हुए कहा है कि–

श्रावं श्राव च गीतार्थ नयने वारि वर्षतः।
ध्रुवं हर्षविषादाभ्यां सचेता यदि पाठकः।।

अर्थात् गज़ल से तात्पर्य उस विधा से है जिसको सुनने में और पढ़ने में श्रोताओं का हृदय रूपी हिम पिघलने लगे और वह हर्ष एवं विषाद रूप उष्णता से पिघलकर आंसू के रूप में बहने लगे। तथा –

तत एवं मया गीतिराख्यातेयं गलज्जला।
गलन्नेजलत्वाद्वा सा गलज्जलिका पुनः।।

इसी कारण से कवि मिश्र ने इसे गलज्जला व अश्रु वृष्टि करने के कारण गलज्जलिका नाम प्रदान किया।

---

57. Naayikas in Shakespeare's plays

Jui Sagdeo

The foremost text in Sanskrit literature which speaks about the various dimensions of theatre is Sage Bharata's Naatyashaastra. Along with the other contents in this book, he has also described different types of female protagonists to be depicted in a play who he calls 'Naayika'. Using various parameters, he has distinguished and bifurcated them. This paper navigates through the numerous Shakespearean female characterisations in the light of the Naayikas mentioned in Sanskrit literature. The objective of this work is to focus on the similarities between Naayikas from Naatyashaastra and Shakespeare's plays, to research about their emotions, behavior, expressions, postures, character and positions in Shakespeare's plays. Also, this work strives to find the similarities in both the works in spite of the periodic, cultural gap and other differences in their creation.

58. मेघदूतम् – सामान्यजनजीवनस्य प्रतिबिम्बनम

तीर्था वि. जी., आदर्शसंस्कृतविद्यापीठम्

कालिदास कृतिषु सामान्य जनजीवितस्य शैलिः सर्वत्र द्रष्टुं शक्यते । तस्मादेव कालिदासः जनकीयः तदा सर्वदेशकालातीतः च अभवत् । पूज्य-पूजकभावः शाकुन्तले, हिमवतः पार्वत्या,तारकस्य च वर्णनाः जनजीवितस्य, कठिनप्रयत्नस्य च उदाहरणानि । रघुवंशं तु राजपरम्पराणां चरितं चेदपि सामान्य जीवनस्य वर्णनया समल्कृतं वर्तते । एवम् अन्येषु काव्येष्वपि । ससूक्ष्मम् अवलोकयामश्चेत् अवगम्यते यत् संस्कृतं जनकीयाभाषा आसीत् सम्भाषणभाषा च । मेघदूतस्य द्वित्रान् सन्दर्भान् स्वीकृत्य विषयमेतत् विवृणोमि ।

प्रथमे श्लोके- यक्षस्य अनवधानतायै कुबेरस्य शापः प्राप्तः । इदं वृत्तान्तमेव अत्र मूलकथात्वेन स्वीकृतम् । शापानुगुणं देवयोनिसम्भवोऽपि कृतापराधाय यक्षाय एकवर्षात्मकं दण्डनं प्रप्तम् । अपराधिनं यक्षं शृङ्गारादि भावोद्दीपकयुक्तात् अलाकापुरीतः आश्रमान्तरीक्षं रामगिरि पर्वतं प्रेषयति । एवम् अद्य वयं समाजे कीदृशजीवन शैलिं पश्यामः समाना शैलीः काव्येऽपि । त्वामारूढाम् पवनपदवीम् ....इत्यत्र कष्टसन्दर्भ ममापेक्षया कष्टतरः कोऽपि नास्ति इति यक्षस्य मनोविचारः वर्णितः अस्ति । समाजमपि समानं, ये जनाः कष्टमनुभवन्ति ते सर्वेपि एवमेव चिन्तयन्ति । मन्दं मन्दं नुतति.. इत्यत्र मेघसञ्चारवर्णनावसरे शुभशकुनानि दर्शयति -अनुकूल पवनः वामभागात् चातकशब्दः च । अद्यापि बहवः शकुन विषये कृततत्पराः । मेघगर्जनं श्रुत्वा मातरः कृषिक्षेत्रे शिलीन्ध्रपुष्पाणाम् अन्वेषणं कुर्वन्ति । भूमेः फलपुष्टेः लक्षणं भवति शिलीन्ध्रपुष्पसमृद्धिः | कर्तुं यच्च प्रभति .... इत्यत्र मेघ गर्जनं शिलीन्ध्रपुष्पसमृद्ध्यिा भूमातरम् अवन्ध्यां करोति इति कालिदास मतम् । ग्रामीण वनितानां निष्कलङ्कभावं वर्णयति -त्वय्यायत्तं कृषिफलमिति श्लोके । यदा कृषि फलं त्वया आयत्तम् तस्मात् जनपदवधू लोचनैः पीयमानः भवान् । भ्रूविलासाऽनभिज्ञाःग्रामीणाः त्वां अत्यन्तनिर्मल चित्तेन पश्यन्ति । एवं प्रत्येकस्मिन्नपि श्लोके समान्यजीवनस्य मनोहराणि दृश्यानि सुलभानि सन्ति मेघदूते ।

---

59. "संस्कृत महाकाव्य-परम्परा और भारवि: एक विवेचन"

जितेन्द्र कुमार पाण्डेय

संस्कृत जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

संस्कृत साहित्य को सुसमृद्ध, सत्यं शिवं सुन्दरं एवं सुमधुर बनाने में भारतीय ऋषियों, मनीषियों, कवियों तथा विद्वानों ने विविध साहित्यिक विधाओं का वैधानिक विनियोग किया है । उन शास्त्रीय विधाओं में महाकाव्यविधा विशेष उल्लेखनीय है । महाकाव्य, श्रव्यकाव्य के उपभेद-पद्यकाव्य का एक उपभेद है । श्रव्य काव्य में महाकाव्य-कोटि का सर्वोच्च स्थान है । आकार-प्रकार, भाव–गाम्भीर्य और औदार्य की दृष्टि

से महाकाव्य की श्रेष्ठता प्रत्यक्ष ही है। वाल्मीकिरामायण को संस्कृत का आदिमहाकाव्य होने का गौरव प्राप्त है। महर्षि व्यास का महाभारत भी आर्ष महाकाव्य के रूप में विख्यात है।

महाकाव्य विषयप्रधान इतिवृत्तात्मक काव्य है जिसमें सानुबन्ध कथा, भावव्यंजना तथा वस्तुव्यंजना पर विशेष बल दिया जाता है। विश्वनाथ के अनुसार महाकाव्य का स्वरूप इस प्रकार है -

"सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः।

---

60. श्रीजयदेवकृत गीतगोविन्द:- एक संक्षिप्त विवेचन

शोधार्थी बलराम यादव

संस्कृत-विभाग, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

हमारे देश की संस्कृति को सशक्त आधार प्रदान करने में साहित्य और संस्कृत भाषा का महत्त्वपूर्ण स्थान है। जहाँ तक संस्कृत की बात है तो इसका भंडार बड़ा ही समृद्ध है। संस्कृत साहित्य जगत् में महाकवि जयदेव रचित गीतगोविन्द ग्रन्थ का बहुत बड़ा महत्त्व है। श्रीजयदेव बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन की राजसभा के प्रमुख रत्न स्वरूप थे। गीतगोविन्द गीतिकाव्य का रचनाकौशल सर्वथा नवीन एवं नितान्त मौलिक है। कवि ने इस ग्रन्थ में भक्ति, शृंगार एवं कवित्व तीनों का सम्यक् समावेश कर के इसे अनुपम स्वरूप प्रदान किया है जिससे भक्ति भाव में विभोर होने वाले लोगों के अतिरिक्त काव्य के मर्मज्ञ एवं रसिक प्रवृत्ति के लोगों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र है।

गीतगोविन्द काव्य में कुल बारह सर्गों में विभक्त है जिनका चौबीस प्रबन्धों में पुनः विभाजन किया गया है। इन प्रबन्धों में प्रायः आठ गीत (पद्य) हैं जिन्हें अष्टपदी कहा गया है। किन्तु पद्यों की संख्या में न्यूनाधिक्य भी है।

श्रीजयदेव कवि ने वर्णित विषयों के अनुसार सर्गों का नामकरण भी किया है। यथा-प्रथम सर्ग का नाम सामोददामोदर, द्वितीय सर्ग का अक्लेशकेशव, तृतीय सर्ग का नाम मुग्धमधुसूदन इत्यादि। सर्गों के इन नामकरणों से यह पापा होता है कि सभी सर्गों का नाम भगवान श्रीकृष्ण के विविध मनः अवस्थाओं को दृष्टिपथ में रखकर किया गया है। गीतगोविन्द के प्रत्येक प्रबन्धों का विषय पृथक्-पृथक् है। यथा-प्रथम प्रबन्ध में कवि ने श्रीकृष्ण के दश अवतारों का वर्णन स्तुतिपूर्वक किया है। प्रयोजन विशेष के कारण लोकोपकारार्थ भगवान् श्रीकृष्ण ने मत्स्य, कूर्म, यज्ञवाराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, बलराम, बुद्ध तथा कल्कि इन दस दिव्य शरीरों को धारण किया। इसी प्रकार अन्य सभी प्रबन्धों में पृथक्-पृथक् विषयवस्तु निबद्ध हैं।

वस्तुतः गीतगोविन्द एक अनुपम और अद्भुत ग्रन्थ है। समग्र संस्कृत साहित्य में इस कोटि की मधुर रचना अन्यत्र दुर्लभ है।

---

61. आर्यासप्तशती का सौन्दर्य - बोध

मेधा प्रियभाषिणी

शोधार्थी, संस्कृत जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, सारण

प्रिय, मनोज्ञ, मनोहर और आकर्षकार्थक सुन्दर शब्द में 'ष्यञ्' प्रत्यय के योग (सुन्दर + ष्यञ्) से सौन्दर्य शब्द निष्पन्न होता है। 1 सौन्दर्य से प्रसन्नता और तन्मयता की उपलब्धि होती है। सौन्दर्यमयी वस्तुएँ आनन्द का चिरन्तन स्रोत होती है। 'सौन्दर्य ही सत्य है और सत्य ही सौन्दर्य' Beauty is truth and truth is Beauty, (That is all we know on earth, and all ye need know)

भारतीय साहित्य का लक्ष्य आध्यात्मिक और दिव्य आनन्द की अभिव्यक्ति करना है। साहित्य या काव्य की मूल जननी तन्यमता की भावना है। यह तन्मयता सौन्दर्यानुभूति में अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच जाती है। जिस तन्मयता का सम्बन्ध सौन्दर्यानुभूति से होगा वह आनन्दमय अभिव्यक्ति और विधान में समर्थ हो सकेगी। यह आनन्दमय. अभिव्यक्ति एक पक्षीय नहीं होती उसमें बाह्य सौन्दर्य के साथ - साथ आन्तरिक सौन्दर्य भी निहित रहता है। कला का लक्ष्य इन्हीं बाह्य और आन्तरिक सौन्दर्य को अधिक से अधिक सजीव रूप में व्यक्त करना होता हैं।

---

62. 'आनन्दकन्दचम्पू' में रस एक विवेचन

डॉ० ललिता सिंह

काव्यों में रस वह तत्त्व है जो ब्रह्मसदश एवं सहृदयों का हृदयाकर्षण है। यह काव्य का सर्वाधिक आवश्यक तत्त्व है जिसके बिना काव्य की कल्पना नही की जा सकती है। इसका प्रयोग आदिकाल से विविध अर्थों में किया जाता रहा है। विश्वनाथ आदि आचार्यों ने रस को बहुत महत्त्व दिया है। 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' कहकर उन्होंने काव्य की आत्मा रस को ही माना है।

'आनन्दकन्दचम्पू' में रस: मिश्र ने शृंगार रस के चटुल और पटु उद्गाता हैं। शंगार के उभार के लिए रसाई शब्द उनकी रचना में अपने आप आ जाते है। उनके आनन्दचम्पू में शृंगार के सभी पक्ष दृष्टिगत हो हैं|

अयोग – अयोग शृंगार के प्रसंग में कुब्जा के लिए सौन्दर्य प्रदान करने से श्रीकृष्ण उल्लास से भर गये। वह नेत्रों के विलास से श्रीकृष्ट को आमन्त्रित करती है जिससे त्रिभूवन–मोहन भी मोहित हो जाते है। भगवान उसे आश्वासन देते है कि फिर मिलेंगे, अभी तो कंस के विध्वंस के लिए अनेक उपाय करने हैं –

निशवविलासाध विलासवेत्रया निमन्त्रितः स्मरदृगन्चलेन सः।
चचाल भूपाल धनुर्दिदक्षया विपक्ष पक्षक्षयमुख्यदीक्षया ॥ 7/106

---

63. संस्कृत काव्य की पाश्चात्य आलोचना से तुलना

महेश राय